# FIRST INFORMATION REPORT
## (Under Section 173 B.N.S.S)

# प्रथम सूचना रिपोर्ट
## (धारा 173 बी एन एस एस के तहत)

1. **District (जिला):** Anti Corruption Bureau, Haryana **P.S. (थाना):** ACB, Panchkula **Year (वर्ष):** 2024

**FIR No. (प्र.सू.रि. सं.):** 0009 **Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय):** 11/10/2024 15:10 hrs

2.

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | IPC 1860 | 120-B |
| 2 | IPC 1860 | 409 |
| 3 | IPC 1860 | 420 |
| 4 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 13(1)(a) |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1 **Day (दिन):** Sunday **Date from (दिनांक से):** 27/08/2023 **Date To (दिनांक तक):** 27/08/2023

**Time Period (समय अवधि):** Pahar 5 **Time From (समय से):** 12:10 hrs **Time To (समय तक):** 12:10 hrs

(b) **Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 11/10/2024 **Time (समय):** 14:16 hrs

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ):** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 007 **Date and Time (दिनांक और समय):** 11/10/2024 14:16 hrs

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. **(a) Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा):** EAST, 18 Km(s) **Beat No. (बीट सं.):**

**(b) Address (पता):** टोल प्लाजा जलोली, पंचकुला,

**(c) In case, outside the limit of this Police Station, then Name of P.S. (यदि थाना सीमा के बाहर है तो थाना का नाम):**

**District (State) (जिला (राज्य)):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name (नाम):** Insecptor Amit kumar

(b) **Father's/Husband's Name (पिता/पति का नाम):**

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष):** 04/08/1970 **(d) Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) UID No. (यूआईडी सं.):

(f) Passport No. (पासपोर्ट सं.):

Date of Issue (जारी करने की दिनांक): Place of Issue (जारी करने का स्थान):

(g) ID Details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN) (पहचान विवरण (राशन कार्ड ,मतदाता कार्ड ,पासपोर्ट, यूआईडी सं., ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड))

| S. No. (क्र.सं.) | ID Type (पहचान पत्र का प्रकार) | ID Number (पहचान संख्या) |
|---|---|---|

(h) Occupation (व्यवसाय):

(i) Address (पता):

| S.No. (क्र.सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | Present Address | ACB PKL, ACB, Panchkula, Anti Corruption Bureau, Haryana, HARYANA, INDIA |
| 2 | Permanent Address | ACB PKL, ACB, Panchkula, Anti Corruption Bureau, Haryana, HARYANA, INDIA |

(j) Phone number (दूरभाष सं.): Mobile (मोबाइल सं.): 91-9466633638

7. Details of known / suspected / unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):

| S. No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address(वर्तमान पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ESI ओम प्रकाश बैल्ट नम्बर 577 पंचकुला | | | 1. Traffic Staff PKL,PANCHKULA,HARYANA,INDIA |
| 2 | HGH सचिन बैल्ट नम्बर 6753 | | | 1. Traffic Staff PKL,PANCHKULA,HARYANA,INDIA |
| 3 | SPO सुरेन्द्र बैल्ट नम्बर 309 पंचकुला | | | 1. Traffic Staff PKL,PANCHKULA,HARYANA,INDIA |

8. Reasons for delay in reporting by the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):

9. Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):

| S. No. (क्र.सं.) | Propertty Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

10. Total value of property (In Rs/-) (सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में)):

11. Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो):

| S. No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.) |
|---|---|

**12. First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):**

सेवा में

प्रबंधक थाना,

थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,

सेक्टर.17 पंचकूला ।

श्रीमान जी ,

निवेदन है कि कार्यालय पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, पंचकूला के शिकायत क्रमांक 46/SP/ACB/PKL के अनुसार शिकायतकर्ता श्री रोहित सिंगला ADA पंचकूला की शिकायत सत्यापन हेतु प्राप्त हुई थी । जिसमें आरोप था, कि दिनांक 27.08.2023 को दोपहर लगभग 12:10 बजे, वह अपनी Creta Car No. HR-91B-0458 से पंचकूला से Highway पंचकूला यमुनानगर पर कुरुक्षेत्र जा रहा था, उसकी कार को जलोली Toll Tax के पास Traffic कर्मचारियों ने रोका । उसे Traffic कर्मचारियों ने बताया कि उसकी कार की गति अधिक थी और इसलिए 1000/- रुपए का चालान भरना होगा। उन Traffic कर्मचारियों ने उसे अपने मोबाइल फोन में QR Code Scan करने और उक्त चालान शुल्क का भुगतान करने के लिए कहा । जिस पर श्री रोहित सिंगला ने उक्त Traffic कर्मचारियों द्वारा प्रदान किए गए QR Code के माध्यम से ऐसा ही किया। शिकायतकर्ता को उक्त चालान शुल्क की कोई पर्ची न तो उस दिन भौतिक रूप से उपलब्ध कराई गई और न ही Phone/Email आदि के माध्यम से शिकायतकर्ता को भेजी गई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि दिनांक 27.08.2023 को उसकी कार को रोकने वाले यातायात कर्मचारियों ने उसके साथ धोखाधड़ी की है और उससे 1000/- रुपए की उक्त धनराशि रिश्वत के रूप में ली है ।

शिकायत के सत्यापन के दौरान यह पाया गया, कि रिश्वत के उक्त धन का भुगतान श्री यशपाल सचदेवा पुत्र श्री नरेश कुमार निवासी 120, वार्ड नंबर 13, तहसील डेराबस्सी, मोहाली, पंजाब के HDFC बैंक के अकाउंट नंबर 50200048881702 में स्थानांतरित किया गया था, जो पुराने पंचकूला (पुराने पंचकूला के Traffic Post के ठीक सामने स्थित) में अपनी मिठाई की दुकान चलाता है। सत्यापन के दौरान, यशपाल सचदेवा ने अपने मोबाइल फोन के Screen Shot की प्रति प्रदान की, जिसमें Rohit S. के नाम से Google Pay के माध्यम से उसके बैंक खाते में 1000/- रुपए का लेन देन/स्थनांतरण दिखाया गया है । श्री यशपाल सचदेवा के HDFC Bank Account के दिनांक 27.08.2023 का विवरण Account Statement एकत्र की गई है । जिसमे श्री रोहित सिंगला द्वारा Google Pay के माध्यम से 1000/- रुपए का भुगतान किया गया है ।

सत्यापन के दौरान यह पाया गया कि दिनांक 27.08.2023 को ESI ओम प्रकाश, HGH सचिन, और SPO सुरेन्द्र, तीनों कर्मचारी लगभग 12 बजे दोपहर में जलोली Toll Plaza के पास उक्त Traffic Vehicle/Interceptor पर Duty पर मौजूद थे, जब शिकायतकर्ता श्री रोहित सिंगला ADA की उक्त कार को रोका गया और 1000/- रुपए की रिश्वत राशि QR Code के माध्यम से श्री रोहित सिंगला, ADA के मोबाइल फोन/ खाते से श्री यशपाल सचदेवा की मिठाई की दुकान के खाते में Transfer कर ली गई ।

उपरोक्त संदिग्धों/व्यक्तियों के Call Detail भी प्राप्त की गई । जो Call Detail के अवलोकन से पता चलता है कि ESI ओम प्रकाश, HGH सचिन, SPO सुरेंद्र, HGH मंदीप और HGH सियाराम दिनांक 27.08.2023 को उक्त जलोली Toll Plaza पर मौजूद थे । HGH सचिन की CDR के विश्लेषण से यह भी पता चलता है कि उसने दिनांक 27.08.2023 को अपने मोबाइल नंबर से दुकानदार यशपाल सचदेवा को भी Call की थी ।

दिनांक 27.08.2023 को ESIओम प्रकाश, HGH सचिन और SPO सुरेंद्र ही जलोली Toll Plaza के पास Duty पर हाजिर थे । जिस समय शिकायतकर्ता रोहित सिंगला को रोककर तेज गति के चालान करने के नाम पर धोखाधड़ी से 1000 रुपए की रिश्वत राशि Traffic पुलिस के कर्मचारियों द्वारा शिकायतकर्ता से लिए गए थे । जबकि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा Interceptor Vehicle के सभी Traffic कर्मचारियों को विशेष निर्देश जारी किए गए थे, कि किसी भी वाहन को Checking और चालान करने के लिए नहीं रोका जाएगा, लेकिन फिर भी, उक्त Traffic Staff ने श्री रोहित सिंगला ADA की उक्त कार को उनसे 1000 रुपए की रिश्वत राशि वसूलने के लिए रोका । जो ESI ओम प्रकाश, HGH सचिन और SPO सुरेंद्र ने शिकायतकर्ता श्री रोहित सिंगला ADA से आपसी मिलीभगत करके उसकी कार का तेज गति का चालान करने की एवज में 1000 रुपए की रिश्वत राशि वसूलने का अपराध किया है । सत्यापन के दौरान शिकायत में लगाए गए आरोप सही पाए गए हैं । ESI ओम प्रकाश Belt No.577/PKL, HGH सचिन Belt No. 6753, और SPO सुरेंद्र Belt No.309/PKL द्वारा उस समय प्रचलित भारतीय दण्ड संहित की धारा 409, 420, 120.B और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13

(1) (ए) के अन्तगर्त अपराध करना पाया गया है । उपरोक्त आरोपी लोक सेवकों द्वारा अपनाई गई कार्यप्रणाली की गहन जांच की जानी चाहिए, जिससे इसमें शामिल लोक सेवकों द्वारा किए गए इसी तरह के अन्य गबन और धोखाधड़ी का पता चल सके ।

इसलिए अतरिक्त पुलिस महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हरियाणा पंचकूला के पत्र क्रमांक 16303/Comp/ 328-A/PKL/2024 Dated 12/09/24 अनुसार प्राप्त आदेशों की अनुपालन में ESIओम प्रकाश Belt No.577/PKL, HGH सचिन Belt No. 6753, और SPO सुरेंदर Belt No.309/PKL के विरुद्ध धाराधीन 409, 420, 120-B IPC व 13(1)(A) PC ACT 1988 के अन्तर्गत अभियोग अंकित करने के लिए लेख लिखकर अभियोग अंकित करने हेतु आपके पास भेजा जा रहा है । जिस पर अभियोग अंकित करके प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रतियां स्पैशल जज अदालत पंचकूला व उच्च अधिकारियों की सेवा में भिजवाई जाए । अभियोग की पुलिस फाइल व असल लेख आगामी अनुसंधान हेतु अन्य अनुसंधान अधिकारी के हवाले किया जाए ।

अज. थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो सेक्टर -17 पंचकूला ।

SD AMIT KUMAR
(अमित कुमार, निरीक्षक)
भ्र0 नि0 ब्यू0,पंचकूला
दिनांक 11.10.2024
At. 01:50 PM

अज थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो सैक्टर-17 पंचकुला उपरोक्त तहरीर पर अभियोग नम्बर 09 दिनाँक 11.10.2024 धारा 409,420,120 B IPC व 13(1) (A) PC ACT 1988 थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो सैक्टर-17 पंचकुला दर्ज रजिस्टर किया गया । प्र0सू0रि0 की प्रतियां स्पैशल मैजीस्ट्रैट कोर्ट पंचकुला की सेवा मे ईमेल के माध्यम से व उच्च अधिकारियो की सेवा में भिजवाई जा रही है । असल तहरीर व अभियोग की पुलिस फाईल आगामी अनुसंधान हेतु अनुसंधान अधिकारी नियुक्त करने के लिए उच्च अधिकारियों को अलग से पत्र लिखा जाएगा । इन्द्राज रिकार्ड विधि अनुसार किया गया ।

**13. Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2. (की गयी कार्यवाही : चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं. 2 में उल्लेख धारा के तहत है.):**

**(1)** **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया): / or ( या)**

**(2)** **Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम):** amit kumar **Rank (पद):** I (Inspector)

**No. (सं.):** psi **to take up the Investigation (को जांच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or (या)**

**(3)** **Refused investigation due to (जांच के लिए):** **or (के कारण इंकार किया या)**

**(4)** **Transferred to P.S. (थाना):** **District (ज़िला):**

**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित).**

**F.I.R. read over to the complainant / informant, admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant /informant, free of cost. (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी)**

**R.O.A.C.**
**(आर.ओ.ए.सी.)**

**Signature of Officer in charge, Police Station**
**(थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)**

**Name (नाम):** Kushal Singh

**Rank (पद):** SP (Superintendent of Police)

**No. (सं.):** HPS

**14.** **Signature / Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर /अंगूठे का निशान)**

**15.** **Date and time of dispatch to the court (अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):**

**Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद *7* संलग्नक):**

**Physical features, deformities and other details of the suspect/accused: ( If known / seen )**

**(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण: (यदि ज्ञात / देखा गया))**

| S. No. (क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date / Year Of Birth (जन्म तिथि / वर्ष) | Build (बनावट) | Height (cms) (कद (से.मी.)) | Complexion (रंग) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** |
| 1 | Male | 1974 | | | | **Is pox pitted:** Yes |
| 2 | Male | 1987 | | | | **Is pox pitted:** Yes |
| 3 | Male | 1977 | | | | **Is pox pitted:** Yes |

| Deformities / Peculiarities (विकृतियाँ / विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eye (आँखें) | Habit(s) (आदतें) | Dress Habit (s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| **8** | **9** | **10** | **11** | **12** | **13** |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

| Language/Dialect (भाषा/बोली) | Place of (का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Burn Mark (जले हुए का निशान) | Leucoderma (लुकोदेर्मा(सफ़ेद धब्बे)) | Mole (मस्सा) | Scar (घाव) | Tattoo (गूदे हुए का) | |
| **14** | **15** | **16** | **17** | **18** | **19** | **20** |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

**These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.**
**(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है)**